# राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

**बिहार लोक भवन, पटना–800022**

*संख्या–110/2025*

## प्रेस–विज्ञप्ति

## बिहार लोक भवन में क्रिसमस उत्सव का आयोजन किया गया

**पटना 23 दिसम्बर, 2025** :– बिहार लोक भवन में पहली बार क्रिसमस उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां ने कहा कि यह त्योहार पूरी दुनिया में मनाया जाता है। यह हमारे आपसी भाईचारा और प्रेम को मजबूती प्रदान करता है। हमारे देश में इस त्योहार को सभी समुदायों के लोग मनाते हैं। उन्होंने कहा कि भारत में क्रिश्चिनिटी यूरोप के क्रिश्चिनिटी से काफी पुरानी है और हमें इसपर गर्व है।

राज्यपाल ने सभी लोगों को क्रिसमस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी।

कार्यक्रम को राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, कैथोलिक चर्च, पटना के फादर जेम्स एवं नेशनल चर्च ऑफ इंडिया, पटना के विशप अब्राहम ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर कैरोल सॉग की प्रस्तुति की गई। सुप्रसिद्ध लोक गायिका एवं माननीय विधायक सुश्री मैथिली ठाकुर ने भी अपनी प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्रीगण, बिहार विधान सभाध्यक्ष, विधान परिषद् के उप सभापति, मंत्रीगण, विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधिगण एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

..........................................